आस्य मध्ये भकारस्तु गोकारश्चिवुकं तथा।
देकारः कण्ठदेशे तु व-कारः स्कन्धदेशतः।
स्यकारो दक्षिणं हस्तं धीकारो वामहस्तकम्।
मकारो हृदयं रक्षेद् हिकारो जठरं तथा।
धिकारो नाभिदेशे तु योकारस्तु कटिं मम।
गुह्यं रक्षतु योकार ऊरू रक्षेन्नकारकः।
प्रकारो जानुनी रक्षेज्जङ्घे चोकारकस्तथा।
गुल्फौ रक्षेद्दकारस्तु यात्कारः पातु पादकौ।

इत्येतत् कथितं गुह्यं बाधाशतनिवारणम् ।
जपारम्भे च हृदयं जपान्ते कवचं पठेत् ।
स्त्री-गो-ब्रह्मवधे यस्य पठित्वा क्षीण पातकः ।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो ब्रह्मलोके महीयते ।
इति गायत्री कवचं समाप्तम् । ॐ तत् सत् ॐ ।।

मतान्तर में—

ॐ गायत्री पूर्वतः पातु सावित्री पातु दक्षिणे ।
ब्रह्मसन्ध्या तु मे पश्चादुत्तरे तु सरस्वती ।
पावकी मे दिशं पातु पावकी जलशायिनी ।
यातुधानी दिशं रक्षेत् यातुधानी भयङ्करी ।
पापमानी दिशं रक्षेत् पापानाञ्च विनाशिनी ।
दिशं रौद्री सदापातु रुद्राणी रुद्ररूपिणी ।
ऊर्ध्व ब्रह्माणी मे रक्षेत् अधस्ताद् वैष्णवी तथा ।
एवं दशदिशो रक्षेत् सर्वाङ्गे भुवनेश्वरी ।
तत् पदं पातु मे पादौ जङ्घे मे सवितुः पदम् ।
वरेण्यं कटिदेशान्तु नाभिं भर्ग स्तथैव च ।
देवस्य हृदयं पातु धीमहीति गलन्तथा ।
धियो यो इति मे नेत्रे नः पदन्तु ललाटकम् ।
एवं पादादि मूर्द्धान्तं मूर्द्धानं मे प्रचोदयात् ।
इदन्तु कवचं पुण्यं हत्या कोटि विनाशनम् ।
चतुःषष्टि कला विद्या सर्वपापप्रणाशिनी ।
जपारम्भे च गायत्री जपान्ते कवचं पठेत् ।
गो-स्त्री-ब्रह्मवधादीनि मित्रद्रोहादि पातकैः ।
मुच्यते सर्वपापेभ्यः परं ब्रह्माधिगच्छति ।
ॐ इति ब्रह्म नारद संवादे गायत्री कवचं समाप्तम् ।।

।। ॐ तत् सत् ॐ ।।

गायत्री शापोद्धार—(गायत्री जप के पूर्व पाठ्य ।)

ॐ अस्य गायत्री शापविमोचन मन्त्रस्य ब्रह्मऋषि र्गायत्रीच्छन्दो वरुणो देवता ब्रह्मशापविमोचने विनियोगः। ॐ यद् ब्रह्मेति ब्रह्मविदो विदुस्त्वाम् पश्यन्ति धीराः। सुमनसो वा गायत्रि त्वं ब्रह्मशापाद् विमुक्ता भव।

गायत्र्या वशिष्ठशापविमोचन मन्त्रस्य वशिष्ठ ऋषिरनुष्टुप्छन्दो ब्रह्मविष्णु रुद्रादेवता वशिष्ठशापविमोचने विनियोगः।

ॐ अर्क ज्योतिरहं ब्रह्मा ब्रह्मज्योतिरहं शिवः। शिवज्योतिरहं विष्णु र्विष्णुज्योतिरहं शिवः। गायत्रि त्वं वशिष्ठ शापाद् विमुक्ता भव। गायत्र्या विश्वामित्र शापविमोचन मन्त्रस्य विश्वामित्रऋषि रनुष्टुपछन्दो गायत्री देवता विश्वामित्रशापविमोचने विनियोगः। ॐ अहो देवि! महादेवि! विद्ये! सन्ध्ये! सरस्वति! अजरे! अमरे! चैव ब्रह्मयोनि नमोस्तुते। गायत्रि त्वं विश्वामित्रशापाद् विमुक्ता भव।

इति गायत्री शापोद्धारः समाप्तः।

सन्ध्याविधि—

(सानुवाद)

प्रातः सन्ध्या एवं मध्याह्न सन्ध्या के समय पूर्व की ओर सायंसन्ध्या के समय पश्चिम की ओर मुख करके शुद्ध आसन पर बैठ अपनी सम्प्रदाय मर्य्यादा के अनुसार मन्त्र पाठ पूर्वक तिलक करे। निम्नोक्त मन्त्र पढ़ कर निज शरीर पर जल छिड़के।

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स वाह्याभ्यन्तरः शुचिः।

अपवित्र हो, अथवा पवित्र हो, किसी भी अवस्था में स्थित हो, जो व्यक्ति कमलनयन भगवान् विष्णु का स्मरण करता है, वह बाहर और भीतर सब ओर से शुद्ध होता ही जाता है।

पश्चात् नीचे लिखे मन्त्र से आसन पर जल छिड़क कर दायें हाथ से उसका स्पर्श करे—

ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि! पवित्रं कुरु चासनम्॥

हे पृथिवी देवि! तुमने समस्त लोकों को धारण किया है। और भगवान् विष्णु ने तुमको धारण किया है। हे देवि! तुम मुझे धारण करो। मेरे आसन को पवित्र कर दो। अनन्तर **ॐ केशवाय नमः, ॐ नारायणाय नमः, ॐ माधवाय नमः** पढ़ कर कुल तीनबार पवित्र जल से आचमन करे। पूर्व, उत्तर, ईशान दिशा की ओर मुख कर आचमन करे। ब्राह्मतीर्थ से तीन बार आचमन करने के पश्चात्—'**ॐ गोविन्दाय नमः**' मन्त्र पढ़ कर हाथ धो ले। अँगूठे का मूलदेश ब्राह्मतीर्थ है। बाद में हाथ में जल लेकर निम्नोक्त सङ्कल्प पढ़ कर वह जल भूमि पर गिरा दे। शिखा बन्धन भी करे।

श्री हरिः, ॐ तत्सदद्यैतस्य श्रीब्रह्मणो द्वितीय परार्धे श्रीश्वेत वाराहकल्पे जम्बुद्वीपे भरतखण्डे आर्य्यावर्तैक देशान्तर्गते पुण्यक्षेत्रे कलियुगे कलिप्रथमचरणे अमुक संवत्सरे (संवत्सर मास आदि का नाम जोड़ लेना चाहिए), **अमुक मासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुक वासरे अमुक गोत्रोत्पन्नः अमुक शर्मा** (वर्मा, गुप्त आदि शब्द का प्रयोग करे), **अहं ममोपात्त दुरितक्षयपूर्वकं श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं प्रातः** (सायं अथवा मध्याह्न) **सन्ध्योपासनं करिष्ये।**

पश्चात् निम्नाङ्कित विनियोग पढ़े।—

ऋतं चेति तृचस्य माधुच्छन्दसोऽघमर्षण ऋषिरनुष्टुप्छन्दो भाववृत्तं दैवतमामुपस्पर्शने विनियोगः।

निम्नोक्त मन्त्र को पढ़ कर एकबार आचमन करे।

ॐ ऋतञ्च सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत।
ततो रात्र्यजायत, ततः समुद्रो अर्णवः।

ॐ समुद्रार्णवादधि संवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विदधद् विश्वस्यमिषतो वशी।
ॐ सूर्य्याचन्द्रमसौ धाता, यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः।

(ऋ०अ० ८ अ० ८ व० ४८)

महाकल्प के आरम्भ में सब ओर से प्रकाशमान तपरूप परमात्मा से ऋत (सत् संकल्प), और सत्य (यथार्थ भाषण), की उत्पत्ति हुई। उसी परमात्मा से रात्रि-दिन प्रकट हुए, एवं उसी से जलमय समुद्र का आविर्भाव हुआ।

जलमय समुद्र की उत्पत्ति के पश्चात् दिनों और रात्रियों को धारण करने वाला काल स्वरूप संवत्सर प्रकट हुआ, जो कि पलक मारने वाले जङ्गम प्राणियों और स्थावरों से युक्त समस्त संसार को अपने अधीन रखने वाला है। इसके बाद सबको धारण करने वाले परमेश्वर ने सूर्य, चन्द्रमा, दिव् (स्वर्गलोक), पृथिवी, अन्तरीक्ष तथा महर्लोक आदि लोकों की सृष्टि पूर्वकल्प के अनुसार की।

अनन्तर प्रणव पूर्वक गायत्री मन्त्र पढ़ कर रक्षा के लिए अपने चारों ओर जल छिड़के। फिर नीचे लिखे विनियोग को पढ़े एवं पृथ्वीपर जल छोड़ता जाय। अर्थात् चारों विनियोग के लिए चार बार जल छोड़ें।

ॐकारस्य ब्रह्मऋषिर्देवो गायत्रीच्छन्दः परमात्मा देवता, सप्तव्याहृतीनां प्रजापतिऋर्षिर्गायत्र्युष्णिगनुष्टुब् बृहती पङ्क्ति त्रिष्टुब् जगत्यश्छन्दांस्यग्निवायुसूर्य्यबृहस्पतिवरुणेन्द्रविश्वे देवा देवताः, तत्सवितुरिति विश्वामित्रऋषिर्गायत्रीच्छन्दः सविता देवता, आपो ज्योतिरिति शिरसः प्रजापतिऋर्षिर्यजुश्छन्दो ब्रह्माग्निवायु सूर्य्या देवताः प्राणायामे विनियोगः।

यह मन्त्र प्राणायाम का है।

ॐ भूः ॐ भुवः ॐ स्व, ॐ महः ॐ जनः ॐ तपः ॐ सत्यं।

ॐ तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।
ॐ आपो ज्योतीरसोऽमृतं ब्रह्म भू र्भुवः स्वरोम् ।

(तै०आ०प्र० १० अ० २७)

प्रातःकाल का विनियोग और मन्त्र ।

सूर्य्यश्च मेति नारायण ऋषिः प्रकृतिश्छन्दः सूर्य्यो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः ।

नीचे लिखे मन्त्र को पढ़ कर आचमन करे ।

ॐ सूर्य्यश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च, मन्युकृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्ताम् यद्रात्र्या पापमकार्षम् मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्नारात्रिस्तदवलुम्पतु यत्किञ्चिद्दुरितं मयि इदमहं माममृतयोनौ सूर्य्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा ।

(तै०आ०प्र० १० अ० २५)

सूर्य, क्रोध के अभिमानी देवता और क्रोध के स्वामी—ये सभी क्रोधवश किए हुए पापों से मेरी रक्षा करें, अर्थात् कृतपापों को नष्ट करके होने वाले पापों से बचावें। रात में मैंने मन, वाणी, हाथ, पैर, उदर और शिश्न (उपस्थ), इन्द्रिय से जो पाप किया है, उन सब को रात्रीकालाभिमानी देवता नष्ट करें। जो कुछ भी पाप मुझ में वर्त्तमान है, इसको और इसके कर्त्तृत्व का अभिमान रखने वाले अपने को मैं मोक्षके कारणभूत प्रकाशमय सूर्यरूप परमेश्वर में हवन करता हूँ। अर्थात् हवन के द्वारा अपने समस्त पाप और अहंकार को भस्म करता हूँ। इसका हवन भलीभाँति हो जाय।

मध्याह्न का विनियोग और मन्त्र इस प्रकार है,—नीचे लिखा हुआ विनियोग को पढ़ कर पृथ्वी पर जल छोड़ दे।

आपः पुनन्त्विति विष्णुर्ऋषिरनुष्टुप्छन्द आपो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः ।

अथवा—

आपः पुनन्त्विति नारायणऋषिरनुष्टुप् छन्द आपः पृथिवी ब्रह्मणस्पतिर्ब्रह्म च देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः ।

निम्नोक्त मन्त्र पढ़ कर आचमन करे।

ॐ आपः पुनन्तु पृथिवीं पृथ्वी पूता पुनातु माम्। पुनन्तु ब्रह्मणस्पति र्ब्रह्म पूता पुनातु माम्। यदुच्छिष्टमभोज्यञ्च यद्वा दुश्चरितं मम। सर्वं पुनन्तु मामापोऽसताञ्च प्रतिग्रहं स्वाहा।

(तै०आ०प्र०अ० २३)

जल पृथिवी को प्रोक्षण आदि के द्वारा पवित्र करे। पवित्र हुई पृथिवी मुझे पवित्र करे। 'वेदपति परमात्मा' मुझे शुद्ध करें। मैंने जो कभी किसी भी प्रकार का उच्छिष्ट, अभक्ष्य भक्षण किया हो, अथवा जो पाप मेरे हों, उन सब को दूर करके जल मुझे शुद्ध कर दे। तथा नीच पुरुषों से लिए हुए दानरूप दोष को भी दूर करके जल मुझे पवित्र करे। पूर्वोक्त दोषों का हवन हो जाय।

सायंकाल के आचमन का विनियोग एवं मन्त्र इस प्रकार है—

अग्निश्च मेति नारायणऋषिः प्रकृतिश्छन्दोऽग्निमन्यु मन्युपतयोऽहश्च देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः।

इस विनियोग को पढ़े। फिर नीचे लिखे मन्त्र को पढ़ कर एकबार आचमन करे।

ॐ अग्निश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्ताम्। यदह्ना पापमकार्षं मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्ना अहस्तदवलुम्पतु। यत्किञ्च दुरितं मयि इदमहं माममृतयोनौ सत्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा। (तै०आ०प्र० १० अ० २४)

अग्नि,—क्रोध के अभिमानी देवता और क्रोध के स्वामी—ये सभी क्रोधवश किए हुए पापों से मेरी रक्षा करे। अर्थात् कृत पापों को नष्ट करके होने वाले पापों से बचावें। मैंने दिन में—मन, वाणी, हाथ, पैर, उदर और शिश्न (उपस्थ) इन्द्रिय से जो पाप किए हों, उन सब को दिन के अभिमानी देवता नष्ट करें। जो कुछ भी पाप मुझ में वर्त्तमान है, इसको तथा इसके कर्त्तृत्व का अभिमान रहने वाले अपने को मैं मोक्षके कारण भूत सत्यस्वरूप प्रकाशमय परमेश्वर में हवन करता हूँ। अर्थात् हवन के द्वारा अपने सारे पाप और

अहंकार को भस्म करता हूँ। इसका भलीभाँति हवन हो जाय। फिर निम्नाङ्कित वाक्य से विनियोग करे—

आपो हि ष्ठेति त्रृचस्य सिन्धुद्वीप ऋषिर्गायत्रीछन्द आपो देवता मार्जने विनियोगः।

इसके पश्चात् निम्नाङ्कित तीन ऋचाओं के नवचरणों में से सात चरणों को पढ़ते हुए सिर पर जल सींचे, आठवें से पृथ्वी पर जल डाले और फिर नवें चरणों को पढ़ कर सिर पर ही जल सींचे। यह मार्जन तीन कुशों अथवा तीन अङ्गुलियों से करना चाहिए।

मार्जन मन्त्र ये हैं—

ॐ आपो हि ष्ठा मयोभुवः। ॐ ता न ऊर्ज्जे दधातन॥
ॐ महेरणाय चक्षसे। ॐ यो वः शिवतमो रसः॥
ॐ तस्य भाजयतेह नः। ॐ उशतीरिव मातरः॥
ॐ तस्मा अरङ्गमाम वः। ॐ यस्य क्षयाय जिन्वथ॥
ॐ आपो जनयथा च नः॥

(यजु अ० ११।५०,५१ ५२)

हे जल! तुम निश्चय प्राणीमात्र के मङ्गलकारी हो. अतः रसों के द्वारा बल की वृद्धि के निमित्त तथा अतीव रमणीय परमात्म दर्शन हेतु तुम हमारा पालन करो। जिस प्रकार पुत्रों की पुष्टि चाहने वाली माताएँ उन्हें अपने स्तनों का दुग्ध पान कराती हैं, उसी प्रकार तुम्हारा जो परम कल्याणमय रस है इस लोक में उसके भागी हमसब को बनाओं। हे जल! जगत् के जीवनाधारभूत जिस रस के एक अंश से तुम समस्त विश्व को तृप्त करते हो, उस रस की पूर्णता को हम प्राप्त हों—अर्थात् उस रस से हम पूर्णतया तृप्ति लाभ करें। हे जल! तुम हमें उस रस के भोक्ता बनाओ, अर्थात् उसे भोगने की क्षमता हो।

अनन्तर निम्नोक्त विनियोग मन्त्र पढ़ कर पृथ्वी पर जल छोड़ दे।

द्रुपपदादिवेत्यस्य कोकिलो राजपुत्रऋषिरनुष्टुपच्छन्दः आपो देवता सौत्रामण्यवभृथे विनियोगः॥

दाहिने हाथ में जल लेकर नीचे लिखे मन्त्र को तीनबार पढ़े, फिर उस जल को शिर पर छिड़क दे।

ॐ द्रुपदादिव मुमुचानः खिन्नः स्नातो मलादिव,
पूतं पवित्रेणेवाऽज्यमापः शुन्धन्तु मैनसः।

(यजु०अ० २० मं २०)

जिस प्रकार पादुका से अलग होता हुआ मनुष्य पादुका के मलादि दोषों से मुक्त हो जाता है। जिस प्रकार पसीने से भीगा हुआ पुरुष स्नान करने के पश्चात् मैल से रहित होता है, जैसे पवित्रक आदि से घृत शुद्ध हो जाता है, उसी प्रकार जल मुझे पापों से शुद्ध करे। अर्थात् मुझे सर्वथा निष्पाप कर दे।

पुनः निम्नाङ्कित वाक्य पढ़ कर विनियोग करे।

ऋतञ्चेति ऋचस्य माधुच्छन्दसोऽघमर्षणऋषिरनुष्टुप्छन्दो भाववृत्तं दैवतमघमर्षणे विनियोगः।

फिर दाहिने हाथ में जल लेकर नासिका में लगावें, यदि सम्भव हो तो श्वास रोक कर नीचे लिखे मन्त्रो को तीनबार अथवा एकबार पढ़ कर मन ही मन यह भावना करे कि,—यह जल नासिका के दायें छिद्र से भीतर घुस कर अन्तःकरण के पाप को बायें छिद्र से निकल रहा है, फिर उस जल की ओर दृष्टि न डाल कर अपनी बायीं ओर फेंक दे। अथवा बाम भाग में शिला की भावना करके उसके उपर उस पाप को पटक कर नष्ट कर देने की भावना करे।

अघमर्षण मन्त्र इस प्रकार है—

ॐ ऋतञ्च सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत।
ततो रात्र्यजायत, ततः समुद्रो अर्णवः।
ॐ समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विदधद् विश्वस्य मिशतो वशी।
ॐ सूर्य्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः॥

(ऋ०अ० ८ अ० ८ व० ४८)

नीचे लिखा विनियोग पढ़ कर पृथ्वी पर जल छोड़ दे।

अन्तश्चरसीति तिरश्चिन ऋषिरनुष्टुप्छन्दः आपो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः।

इस मन्त्र को पढ़ कर आचमन करे।

ॐ अन्तश्चरसि भूतेषु गुहायां विश्वतोमुखः
त्वं यज्ञस्त्वं वषट्कार आपो ज्योतीरसोऽमृतम्।

(कात्यायन परिशिष्ट सूत्र)

हे जलरूप परमात्मन्! तुम समस्त प्राणियों के भीतर उनकी हृदयगत गुहा में विचरते हो, तुम्हारा सब ओर सुख है, तुम्हीं यज्ञ हो, तुम्हीं वषट्कार हो, और तुम्हीं जल प्रकाश, रस एवं अमृत हो।

अनन्तर नीचे लिखे वाक्य से विनियोग करे,—

ॐकारस्य ब्रह्म ऋषिर्दैवी गायत्रीछन्दः परमात्मा देवता, तिसृणां महाव्याहृतीनां प्रजापतिर्ऋषिः गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांस्यग्निवायु सूर्य्या देवताः, तत् सवितुरिति विश्वामित्रऋषिः गायत्रीछन्दः सविता देवता सूर्य्यार्घ्यदाने विनियोगः।

फिर सूर्य के सामने एक पैरकी एँड़ी उठाये हुए अथवा एक पैर से खड़ा होकर ॐकार और व्याहृतियों के सहित गायत्री मन्त्र को तीन चारबार पढ़ कर पुष्पोदक से तीनबार सूर्य को अर्घ्य दे। प्रातः काल और मध्याह्न का अर्घ्य जल में देना चाहिए, यदि जल न हो तो स्थल को भलीभाँति जल से धोकर उसी पर अर्घ्य का जल गिरावे। किन्तु सायंकाल का अर्घ्य कदापि जल में न दे। खड़ा होकर अर्घ्य देने का नियम केवल प्रातः और मध्याह्न सन्ध्या में है। सायंकाल में बैठकर भूमि पर ही अर्घ्य जल गिराना चाहिए। प्रातः एवं सायं सन्ध्या में तीन तीनबार एवं मध्याह्न सन्ध्या में एकबार ही अर्घ्य देना चाहिए।

सूर्य्यार्घ्य देने का मन्त्र—

ॐ भूर्भुवः स्वः तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि, धियो यो नः प्रचोदयात्।

मन्त्र पढ़कर 'ब्रह्मस्वरूपिणे', मध्याह्न काल में 'रुद्र स्वरूपिणे', सायंकाल में विष्णुस्वरूपिणे सूर्य्यनारायणाय इदमर्घ्यं दत्तं नमः॥ अर्घ्य समर्पण करे।

अनन्तर निम्नोक्त मन्त्र से विनियोग करे।

उद्वय मित्यस्य प्रस्कण्वऋषिरनुष्टुप्छन्दः सूर्य्यो देवता सूर्य्योपस्थाने विनियोगः। चित्रमित्यस्य कौत्सऋषि स्त्रिष्टुप्छन्दः सूर्य्यो देवता सूर्य्योपस्थाने विनियोगः। तच्चक्षुरिति दध्यङ्ङाथर्वण ऋषिरक्षरातीतपुर उष्णिक् छन्दः सूर्य्यो देवता सूर्य्योपस्थाने विनियोगः॥

नीचे लिखे मन्त्रों को पढ़ कर सूर्य्य का उपस्थान करे। उपस्थान के समय प्रातःकाल और सायंकाल अञ्जलि बाँधकर और मध्याह्न में दोनों बाँहों को ऊपर उठाकर खड़ा रहे।

ॐ उद्वयं तमसस्परि स्वः पश्यन्त उत्तरं देवं देवत्रा सूर्य्यमगन्म ज्जोतिरुत्तमम्॥ (यजु०अ० २० मं० २१)

ॐ उदुत्यं जात वेदसं देवं वहन्ति केतवः दृशे विश्वाय सूर्य्यम्। (यजु०अ० ७ मं० ४१)

उत्पन्न हुए समस्त प्राणियों के ज्ञाता, उन सूर्य्यदेव को छन्दोमय अश्व सम्पूर्ण जगत् को दर्शन देनेके लिए अथवा दृष्टि प्रदान करने के लिए, ऊपर ही ऊपर शीघ्रगति से लिये जा रहे हैं।

ॐ चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः। आप्राद्यावा पृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च। (यजु०अ० ७ मं०४२)

जो तेजोमयी किरणों के पुञ्ज हैं, मित्र, वरुण, तथा अग्नि आदि देवता एवं विश्व के नेत्र हैं, और स्थावर तथा जङ्गम - सबके अन्तर्य्यामी आत्मा हैं, वे भगवान् सूर्य्य, आकाश, पृथ्वी और अन्तरिक्ष लोक को अपने प्रकाश से पूर्ण करते करते आश्चर्य्य रूप से उदित हुए हैं।

ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्। पश्येम शरदः शतं, जीवेम शरदः शतं, शृणुयाम शरदः शतं, प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् ॥ (यजु०अ० ३६ मं० २४)

देवता आदि सम्पूर्ण जगत् का हित करने वाले सबके नेत्ररूप वे तेजोमय भगवान् सूर्य्य पूर्व दिशा से उदित हो रहे हैं. उनकी अनुकम्पा से हम सौ वर्षों तक देखते रहें, सौ वर्षों तक जीते रहें, सौ वर्षों तक सुनते रहें, सौ वर्षों तक बोलने की शक्ति रहे, सौ वर्षों तक हम कभी दीनदशा न प्राप्त हों। इतना ही नहीं, सौ वर्षों से अधिक काल तक भी हम देखें, जीवें, सुनें, बोलें एवं कभी दीन न हों। इसके बाद बैठ कर अथवा खड़े खड़े दो अङ्गन्यास करे। एक एक को पढ़ता जाय और जिस न्यास में अंग का नाम हो उस अंग पर हाथ लगाता जाय तथा अन्तिम में एक ताली बजाकर चारों ओर चुटकियाँ बजा दे।

यों तीनबार करे।

ॐ हृदयाय नमः। ॐ भूः शिरसे स्वाहा। ॐ भुवः शिखायै वषट्। ॐ कवचाय हुम्। ॐ भूर्भुवः नेत्राभ्यां वौषट्। ॐ भूर्भुवः स्वः अस्त्राय फट्।

इसके बाद—**तेजोऽसीति धामनामासीत्यस्य च परमेष्ठी प्रजापति ऋषि र्यजुस्त्रिष्टुब्बृगुष्णिहौ छन्दसी सविता देवता गायत्र्यावाहने विनियोगः।**

इससे विनियोग करके निम्नाङ्कित मन्त्र से विनय पूर्वक गायत्री देवीका आवाहन करें—

ॐ तेजोऽसि शुक्रमस्यमृतमसि, धामनामासि प्रियं देवानामनाधृष्टं देवयजनमसि। (यजु०अ० १२ मं० ३१)

हे सूर्यरूपा गायत्रिदेवि! तुम देदीप्यमान तेजोमयी हो, शुद्ध हो, और अमृत नित्य ब्रह्मरूपा हो। तुम्ही परमधाम और नाम रूपा हो। तुम्हारा किसी से पराभव नहीं होता। तुम देवताओं की

प्रिय एवं उनके यजन की साधनभूत हो, मैं तुम्हारा आवाहन करता हूँ।

फिर नीचे लिखे वाक्य से विनियोग करे—

गायत्र्यसीति विवस्वान् ऋषिः स्वराण्महापङ्क्तिश्छन्दः परमात्मा देवता गायत्र्युपस्थाने विनियोगः।

अनन्तर निम्नोक्त मन्त्र से गायत्री को प्रणाम करे—

ॐ गायत्र्यस्येकपदी द्विपदी त्रिपदी चतुष्पद्यपदसि न हि पद्यसे नमस्ते तुरीयाय दर्शताय पदाय परोरजसेऽसावदो मा प्रापत् ॥

(बृहदारण्यक० ५।१४।७)

हे गायत्रि ! तुम त्रिभुवनरूप प्रथम चरण से एक पदी हो। ऋक्, यजुः एवं सामरूप द्वितीय चरण मे द्विपदी हो। प्राण, अपान तथा व्यान रूप तृतीय चरण से त्रिपदी हो। और तुरीय ब्रह्मरूप चतुर्थ चरण से चतुष्पदी हो। निर्गुण स्वरूप से अचिन्त्य होने के कारण तुम 'अपद' हो। अतः 'नेति नेति' कहकर तुम्हारे स्वरूप का वर्णन करते हैं। अतएव मन बुद्धि के अगोचर होनेसे तुम सबके लिए प्राप्य नहीं हो। तुम्हारे दर्शनीय--'अनुभव करने योग्य' चतुर्थ पद को न प्रपञ्च से परे वर्त्तमान शुद्ध परब्रह्म स्वरूप है, नमस्कार है। तुम्हारी प्राप्ति में विघ्न डालने वाले वे रागद्वेष, काम, क्रोध आदिरूप पाप मेरे पास न पहुँच सकें। अर्थात् परब्रह्म स्वरूपिणी तुम को मैं निर्विघ्न प्राप्त करूँ।

अथवा—हे गायत्रि देवि ! तुम समग्र ब्रह्मरूपा होनेके कारण एकपद वाली हो, अर्थात् जो कुछ है वह ब्रह्मरूप ही है, इस न्याय से तुम एकपद वाली हो। सगुण निर्गुणरूपा होनेसे तुम दो पदों वाली हो। ब्रह्मा, विष्णु और शिवरूप से तीन पदों वाली हो। विराट्, हिरण्यगर्भ, ईश्वर और परब्रह्मरूपा होनेके कारण तुम चार पदों वाली हो। अचिन्त्य होनेसे तुम 'अपद' हो। अतएव सबके लिए तुम प्राप्य नहीं हो। तुम्हारे दर्शनीय—अनुभव करने योग्य चतुर्थ पद को, जो प्रपञ्च से परे वर्त्तमान शुद्ध परब्रह्म स्वरूप है,

नमस्कार है। तुम्हारी प्राप्ति में विघ्न डालने वाले वे रागद्वेष, काम, क्रोध आदिरूप पाप मेरे पास न पहुँच सकें। अर्थात् परब्रह्म स्वरूपिणी तुम को मैं निर्विघ्न प्राप्त करूँ।

पश्चात् निम्नोक्त वाक्य को पढ़ कर विनियोग करे—

ॐकारस्य ब्रह्मऋषिर्दैवी गायत्रीछन्दः परमात्मा देवता, तिसृणां महाव्याहृतीनां प्रजापतिर्ऋषिः गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांस्यग्निवायु सूर्य्या देवताः, तत् सवितुरिति विश्वामित्रऋषिः गायत्रीछन्दः सविता देवता जपे विनियोगः।

अनन्तर गायत्री मन्त्र का जप अष्टोत्तर शतबार करे।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत् सवितु र्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्। (यजु० अ० ३६ मं० ३)

हम स्थावर जङ्गमरूप सम्पूर्ण विश्व को जगत् उत्पन्न करने वाले उन निरतिशय प्रकाशमय परमेश्वर के भजन योग्य तेज का ध्यान करते हैं। जो हमारी बुद्धियों को सत्कर्मों की ओर प्रेरित करते हैं, तथा जो भूर्लोक, भुवर्लोक और स्वर्लोकरूप सच्चिदानन्दमय परब्रह्म हैं।

अनन्तर नीचे लिखे वाक्य से विनियोग करे—

विश्वतश्चक्षुरिति भौवन ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दो विश्वकर्मा देवता सूर्य्यप्रदक्षिणायां विनियोगः।

फिर नीचे लिखे मन्त्र से अपने स्थान पर खड़े होकर सूर्यदेव की एकबार प्रदक्षिणा करे—

ॐ विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात्। सम्बाहुभ्यां धमति सम्पतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन् देवएकः।

(यजु०अ० १७ मं० १९)

वे एकमात्र परमात्मा पृथ्वी और आकाश की रचना करते समय धर्माधर्म रूप भुजाओं और पतनशील पञ्चमहाभूतों से संगत होते हैं, अर्थात् कामलेते हैं। तात्पर्य्य यह है कि—धर्माधर्मरूप निमित्त

और पञ्चमहाभूतरूप उपादान कारणों से अन्य साधन की सहायता लिए विना ही सबकी सृष्टि करते हैं। उनके नेत्र सब ओर हैं, सब ओर मुख हैं, सब ओर भुजाएँ हैं, और सब ओर चरण हैं।

इसके पश्चात् बैठ कर निम्नोक्त वचन पढ़ कर विनियोग करे।

देवा गातुविद इति मनसस्पति ऋषिर्विराड़नुष्टुप्छन्दो वातो देवता जप निवेदने विनियोगः।

फिर—**ॐ देवा गातुविदो गातुं वित्त्वा गातुमित मनसस्पत इमं देव यज्ञ ँ स्वाहा वाते धाः।** (यजु०अ० २ मं० २१)

हे यज्ञवेत्ता देवताओ! आप लोक हमारे इस जपरूपी यज्ञ को पूर्ण हुआ जान कर अपने गन्तव्य मार्ग को पधारें। हे चित्त के प्रवर्त्तक परमेश्वर! मैं इस जप यज्ञ को आपके हाथ में अर्पण करता हूँ। आप इसे वायुदेवता में स्थापित करें।

"श्रुतिः! वाते हि यज्ञोऽवतिष्ठते। वायुरेवाग्निस्तस्माद् यदैवाध्वर्युरुत्तमं कर्म करोत्यथैनमेवाप्येति॥"

इस मन्त्र को पढ़ कर नमस्कार करने के पश्चात्—

अनेन यथाशक्ति कृतेन गायत्री जपाख्येन कर्मणा भगवान् सूर्यनारायणः प्रीयतां नो मम। यह वाक्य पढ़े। इसके बाद—

उत्तमे शिखरे इति वामदेव ऋषिरनुष्टुप्छन्दः गायत्री देवता गायत्री विसर्जने विनियोगः।

इससे विनियोग करके—

ॐ उत्तमे शिखरे देवी भूम्यां पर्वतमूर्द्धनि। ब्राह्मणेभ्योऽभ्यनुज्ञाता गच्छदेवि यथासुखम्। (तै०आ०प्र० १० अ० ३०)

हे गायत्री देवि! अब तुम अपने उपासक ब्राह्मणों के पास से उनकी अनुमति लेकर भूमि पर स्थित जो मेरु नामक पर्वत है, उसके ऊपर विद्यमान सुरम्य शिखर पर अपने मन्दिर में निवास करने के लिए सुख पूर्वक जाओ।

इस मन्त्र को पढ़ कर गायत्री देवी का विसर्जन करे। फिर निम्नाङ्कित वाक्य पढ़ कर यह सन्ध्योपासना कर्म परमेश्वर को समर्पित करे।

अनेन सन्ध्योपासनाख्येन कर्मणा श्रीपरमेश्वरः प्रीयतां नो मम। ॐ तत् सद्ब्रह्मार्पणमस्तु।

अवशेष में श्रीभगवान् का स्मरण करे।

यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्।

श्रीविष्णवे नमः, श्रीविष्णवे नमः॥

श्रीविष्णुस्मरणात् परिपूर्णतास्तु॥

सन्ध्या काल निर्णय—

उत्तमा तारकोपेता मध्यमा लुप्त तारका कनिष्ठा सूर्यसहिता प्रातः सन्ध्यात्रिधा स्मृता। मध्या मध्याह्ने। उत्तमा सूर्यसहिता मध्यमा लुप्तभास्करा कनिष्ठा तारकोपेता सायंसन्ध्यात्रिधा स्मृता॥

प्रदक्षिणा मन्त्र—

यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च।
तानि तानि प्रणश्यन्ति प्रदक्षिणपदे पदे॥

श्रीहरिदासशास्त्री

[अग्निपुराणान्तर्गता]

गायत्री-व्याख्या ॥

गायत्युक्थानि शास्त्राणि भर्गं प्राणां स्तथैव च ।
ततः स्मृतेयं गायत्री सावित्री यत एव च ।
प्रकाशिनी सा सवितु र्वाग्‌रूपत्वात्‌ सरस्वती ॥१॥

श्री जीवगोस्वामि कृता

विवृतिः

श्रीराधारमणो जयति ।

सनातनसमो यस्य ज्यायान्‌ श्रीमान्‌ सनातनः ।
श्रीवल्लभोऽनुजः सोऽसौ श्रीरूपो जीवसद्‌गतिः ॥

अथाग्नेयस्था गायत्रीव्याख्या विव्रियते । उक्थानि प्रणवात्मक-मन्त्रान्‌ । शास्त्राणि सर्वानपि वेदान्‌ । भर्गं वक्ष्यमाणं विष्णुरूपं तेजः । प्राणान्‌ सर्वजीवहेतून्‌ तद्‌विभूतींश्च । यतो यस्माद्‌ गायति प्रकाशयति, ततो गायत्री स्मृता । यस्मादेव च त्रयीमयस्य सवितुः प्रकाशिनी प्रादुर्भावयित्री तस्मात्‌ सृजेत्‌ सवितारमिति सावित्री च । वाग्‌रूपत्वात्‌ सरस्वती च सा ॥१॥

[श्री जीवगोस्वामि कृता—अग्निपुराणस्थ गायत्री व्याख्या]

ऋषि सनातन के समान श्री प्रेमभक्ति सम्पन्न सनातन गोस्वामी जिन के अग्रज भ्राता हैं एवं वल्लभ जिन का अनुज है, वह श्रीरूप गोस्वामी जीवों की सद्‌गति हैं, जीवों के एकमात्र भक्ति ज्ञान प्रदाता गुरु हैं ।

अग्निपुराण में वर्णित गायत्री व्याख्या का विवरण प्रस्तुत करते हैं । उक्थादि प्रणवात्मक मन्त्र समूह समस्त वेदादि शास्त्र, वक्ष्यमाण विष्णुरूप तेज, सर्वजीव के कारण रूप प्राण एवं विभूति समूह जिन से प्रकाशित होते हैं, उन्हें गायत्री कहते हैं । त्रयीमय सविता का प्रकाशक एवं सविता की सृजन कर्त्री होने से उन्हें सावित्री कहते हैं । वागरूप होने से आप सरस्वती हैं ॥१॥

तज्जयोतिर्हि परं ब्रह्म भर्ग स्तेजो यतः स्मृतं ।
भर्गः स्याद् भ्राजत इति बहुलं छन्दसीरितं ।।२।।
वरेण्यं सर्वतेजोभ्यः श्रेष्ठं वै परमं पदं ।।३।।
स्वर्गापवर्गकामै र्वा वरणीयं सदैव हि ।।४।।

अथो गेयेषु मुख्यत्वाद् भर्गमेव विवृणोति—तज्ज्योतिरिति। योऽयं भर्गः स एव तत् प्रसिद्धं परं ब्रह्म, यतो भर्ग एव तेजः स्मृतः स्वप्रकाशज्योतीरूपतया निर्दिष्टः। कया निरुक्त्या तस्य भर्गस्य तेजस्त्वं तत्राह—भर्गः स्याद् भ्राजत इति; कथं सिध्यति, तत्राह,—बहुलं छन्दसीति। भगवता पाणिनिना ईरितं सूत्रितमित्यर्थः ।।२।।

अथ तस्य मन्त्रोक्तं वरेण्यत्वं साधयति—वरेण्यमित्यर्द्धेन। स च भर्गो वरेण्यं यत् परमं पदं सर्वस्याथाश्रयरूपं वस्तु, वरेण्यं नाम किं वस्तु तत्राह सर्वतेजोभ्यः श्रेष्ठं यत्तदेवेत्यर्थः। सर्वेषां तेजसां प्रकाशानां प्रकाशकत्वेन स्वप्रकाशरूपमिति भावः ।।३।।

अनन्तर गानयोग्य वस्तु में मुख्य गेय होने से भर्ग की व्याख्या करते हैं। तज्जयोतिरिति। भर्ग शब्द से जिन का उल्लेख है, वह प्रसिद्ध परम ब्रह्म हैं। कारण—भर्ग को तेज कहा गया है। आप ही स्वप्रकाश ज्योति रूप से निर्दिष्ट हैं। किस व्युत्पत्ति से भर्ग को तेजः कहा जाता है? कहते हैं—भर्गः स्याद् भ्राजत इति दीप्ति-शीलता के कारण आप को भर्गः कहते हैं। यह पद कैसे निष्पन्न होता है? कहते हैं, -बहुलं छन्दसीति। भगवान् पाणिनि सूत्र में कहे हैं ।।२।।

गायत्री मन्त्र स्थित वरेण्य पद की व्याख्या करते हैं—'वरेण्यं' इस अर्द्धश्लोक से। वह जो भर्ग वरेण्य है, सब के लिए सर्वथा आश्रय रूप वस्तु हैं, वरेण्य नामक वस्तु क्या है? कहते हैं—सकल तेजों से जो श्रेष्ठ हैं, वह ही है। सकल प्रकाशक पदार्थ तेज समूह का जो प्रकाशक हैं, वह स्वप्रकाश हैं ।।३।।

वृणोते र्वरणार्थत्वाज् जाग्रत्स्वप्न-विवर्जितं ॥५-६॥
नित्यं शुद्धं बुद्धमेकं नित्यं भर्गमधीश्वरं ।
अहं ब्रह्म परं ज्योति र्ध्यायेमहि विमुक्तये ॥७॥

एवं भर्गस्य वरेण्य पदेन रूढ्या श्रेष्ठत्वं दर्शयित्वा योगवृत्त्या सर्वप्रार्थनीयत्वं दर्शयति स्वर्ग इत्यर्द्धेन – स्पष्टम् ॥४॥

तत्र तदर्थ-सम्पादक-धात्वर्थमपि हेतुत्वेन निर्दिशति वृणोते र्वरणार्थत्वादिति स्पष्टं ॥५॥

अथ परमत्व-ज्ञापनाय पुनः वरमेव विशिनष्टि जाग्रत् स्वप्न-विवर्जितमिति। तुरीयावस्थादपि जीवात् परमित्यर्थः ॥६॥

तदेव भर्ग वरेण्ययोः पदयोरर्थं दर्शयित्वा वाक्यस्य प्रयोजनमाह—

इस प्रकार वरेण्य पद के द्वारा भर्ग की मुख्य वृत्ति से श्रेष्ठत्व को दिखाकर यौगिक वृत्ति से सर्वप्रार्थनीयत्व को कहते हैं। 'स्वर्ग' इस अर्द्ध श्लोक से। सर्वदा जिन को भुक्ति मुक्ति कामीगण श्रद्धा से वरण करते हैं ॥४॥

उस अर्थ का प्रकाशक धात्वर्थ का भी कारण रूप से दिखाते हैं, वृञ् धातु का वरण अर्थ है ॥५॥

अनन्तर परमत्व को सूचित करने के लिए पुनर्वार श्रेष्ठत्व का स्थापन करते हैं, जो जाग्रत् स्वप्न वर्जित हैं, तुरीयावस्थ प्राप्त जीव से भी श्रेष्ठ हैं ॥६॥

भर्ग वरेण्य पद का अर्थ को दिखाकर वाक्य का प्रयोजन को कहते हैं, नित्यमिति। मैं भर्ग का ध्यान करता हूँ, भर्ग का ही विशेषण है, नित्यं शुद्धं बुद्धं नित्यं ईश्वरम् ॥ 'अहं' इस का विशेषण ब्रह्म। नित्य शब्द का अर्थ सदा ही शुद्ध, जीव की भाँति कभी भी संसारित्व नहीं है। बुद्धं—सर्वदा बोध युक्त। एकं—जीव के समान-अनेक नहीं हैं। अधीश्वर—सर्वशक्ति युक्त हैं। "अहं ब्रह्म परं ज्योतिः" कहने का तात्पर्य है—"ना देवो देवमर्च्चयेत्" इस नियम से उपासक उपास्यके साथ तादात्म्य भावना करें। ध्यायेमहि-

तज्ज्योति र्भगवान् विष्णु र्जगज्जन्मादि-कारणं ॥८॥

नित्यमिति। अहं भर्गं ध्यायेमहि, तत्र भर्गस्य विशेषणानि नित्यशुद्ध-मित्यादीनि ; अहमित्यस्य विशेषणं ब्रह्मेति। तत्र नित्यं सदैव शुद्धं न तु जीववत् संसारित्वावस्थमित्यर्थः। एवं बुद्धं सदैव बोधयुक्त-मित्यर्थः। एकं न तु जीववदनेकं। अधीश्वरं सर्वशक्तियुक्तं। अहं ब्रह्म परं ज्योतिरिति 'ना देवो देवमर्च्चयेदिति' न्यायेन स्वस्य तादात्म्य-भावना दर्शिता। ध्यायेमहि न केवलमहमेव ध्यायेय किन्तु सर्वेऽपि वयं जीवा ध्यायेमेत्यर्थः। किमर्थं ध्यायसि, तत्राह विमुक्तये। संसार-मुक्ति पूर्वक-तत्प्राप्तये। तदेतन्मते भर्गशब्दस्य अदन्तत्वे पुंस्त्वे च सिद्धे मन्त्रेऽप्येवमेव व्याख्येयं। सुपां सुलुगित्यादिना छान्दस सूत्रेण द्वितीयया एकवचनस्यामः सुत्वादेशात् एवं तत्र 'य' इत्येव वक्ष्यते, न तु य इत्यनेन सवितुराकर्षः क्रियते, 'ध्येयः सदा सवितृ मण्डलमध्य-वर्त्तीति विधानात्।' 'अत स्तद् भर्गोपदेशादिति' न्यायाच्च ॥७॥

तथैव तदित्यस्य मन्त्रगत-पदस्य व्याख्यां विशिष्य दर्शयति— तज्ज्योतिरित्यर्द्धेन भर्गारव्यवाच्यं तज्ज्योतिरेव तत्पदेन पूर्वमुक्त-

---

केवल मैं ही ध्यान करूँ, किन्तु हम सब जीव ही ध्यान करेंगे। किस लिए ध्यान करेंगे ? कहते हैं,—विमुक्ति के लिए। संसार से मुक्त होकर उनको प्राप्त करने के लिए। इस मत में भर्गशब्द — अरामान्त एवं पुरुषोत्तम लिङ्ग होने से मन्त्र व्याख्या भी इसके अनुसरण से ही होना आवश्यक है। "सुपां सुलुगिति" छान्दस व्याकरण के सूत्र से द्वितीया के एक वचन में 'अम' के स्थान में सु का आदेश से वैसा पद बनता है। इस प्रकार आगे १४ में 'य' राम का प्रयोग हुआ है। 'य' राम के द्वारा सूर्य्य का बोध नहीं होता है। कारण ध्यान में 'ध्येयः सदा सवितृमण्डलवर्त्ती' कहा गया है। अतः उन की ही ज्योति है, इस नियम से विष्णु का ही बोध होता है ॥७

अनन्तर २-श्लोकस्थ तज्ज्योतिः मन्त्रगत पद व्याख्या को विशेष रूप से दिखाते हैं। 'तज्ज्योति र्भगवान् विष्णुर्जगज्जन्मादि कारणं'।

शिवं केचित् पठन्तिस्म शक्तिरूपं वदन्ति च ।
केचित् सूर्य्यं केचिदग्निं दैवतान्यग्निहोत्रिणः ।
अग्न्यादिरूपी विष्णुर्हि वेदादौ ब्रह्म गीयते ।।९।।
तत् पदं परमं विष्णो र्देवस्य सवितुः स्मृतं ।।१०।।

मित्यर्थः। तच्च भगवान् विष्णुरेव, तदेव च वेदान्तेन दर्शितं जगज्जन्मादि कारणमित्यर्थः। मन्त्रे च प्रणवादि-तदित्यन्तस्य धीमहीत्यन्तेनान्वय एव कार्य्यः। स्वयं प्रणवार्थ-रूपं कारणात् कार्य्यस्यानन्यत्वादिति भूरादिरूपं च तत्तत्त्वं सवितु र्देवस्य वरेण्यं भर्गो धीमहीति ।।८।।

अथात्र विप्रतिपद्यमानान् स्वमतसात्करोति– शिवं केचिदिति सार्द्धेन स्फुटं ।।९।।

तदेवमेव विष्णु सवित्रोः कारण-कार्ययो र्तयो र्तादात्म्येनाभेदमपि दर्शयति–तत्पदमित्यर्द्धेन। अत्र विष्णोरिति विश्वात्मकमित्यर्थः, तदिति स भर्ग इत्यर्थः ।।१०।।

इस के अर्द्धांश से भर्ग-पदवाच्य उनकी ज्योति है, इस का कथन पहले हो चुका है। वह तो भगवान् विष्णु ही हैं, वेदान्त में भी दिखाया गया है। जगज्जन्मादि कारण वह ही है। मन्त्र में भी प्रणवादि तदिति पद का धीमहि के साथ अन्वय करना उचित है। वह स्वयं प्रभवार्थ रूप हैं। कारण से कार्य अभिन्न होता है, अतः पृथिवी आदि रूप उस तत्व हैं। वह ही स्रष्टादेव वरेण्य है, उन की ज्योति का ध्यान करेंगे ।।८।।

अनन्तर विभिन्न मत को दिखाकर निज मत को पुष्ट करते हैं। कोई तो गायत्री अर्थ शिव, शिव-शक्तिरूप, सूर्य्य, अग्नि को कहते हैं। वेदादि में उक्त ब्रह्म को अग्न्यादि को ही विष्णु कहते हैं ।।९।।

विष्णु एवं सविता का कारण कार्य्य से तादात्म्य रूपको दिखाते हैं। दोनों ही अभिन्न हैं। "तत् पदं परमं विष्णो र्देवस्य सवितुः स्मृतः।" यहाँ विष्णु शब्द 'विश्वं विष्णु' विश्वात्मक का बोधक है।

दधाते वा धीमहीति मनसा धारयेमहि ॥११॥
नोऽस्माकं यच्च भर्ग स्तत् सर्वेषां प्राणिनां धियः ।
चोदयात् प्रेरयेत् बुद्धी भोक्तॄणां सर्वकर्मसु ॥
दृष्टादृष्ट-विपाकेषु विष्णुः सूर्य्याग्निरूपभाक् ॥१२॥
ईश्वर-प्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा ॥१३॥
ईशावास्यमिदं सर्वं महदादि-जगद्धरिः ।
स्वर्गाद्यैः क्रीड़ते देवो यो हंसः पुरुषः प्रभुः ॥१४॥

धीमहीत्यस्य धात्वन्तरप्रक्रान्तत्वेन तत्त्वेन तमेवार्थं योजयति दधातेरित्यर्द्धेन स्पष्टं ॥११॥

अत्र मन्त्र-शब्दं योजयति-नोऽस्माकमिति सार्द्धेन । अत्र यच्चेति तदिति च पूर्वसूत्रेण सोर्लुका साधितं भर्ग इत्यनेनैव तदित्यस्य सम्बन्धश्च दर्शितः । चोदयात् ॥ प्रेरयात् इत्यनयोः पूर्वसिद्धान्तेन द्रढ़यति—विष्णुः सूर्य्याग्निरूपभागिति ॥१२॥

अत्र हेतुमाह ईश्वर इत्यर्द्धेन ईश्वरः पूर्वोक्त-विष्णुरूपः ॥१३॥

तत् शब्द से उस भर्ग को जानना होगा ॥१०॥

'धीमहि' पद का अर्थ मूल धातु के द्वारा करते हैं, 'दधाते वा धीमहोति मनसा धारयेमहि" ॥११॥

मन्त्र रूप शब्द की योजना के द्वारा व्याख्या करते हैं। 'नो अस्माकं' हम सब की बुद्धि को उत्तम कार्य में प्रेरण करें, 'यत् तत्' का पूर्व सूत्र से साधित भर्ग शब्द के साथ अन्वय है। 'चोदयात् शब्द का अर्थ प्रेरयात्-प्रेरण करें। इस का समर्थन पूर्वसिद्धान्त से करते हैं। विष्णु—सूर्य्य, अग्नि रूप धारी हैं ॥१२॥

प्रेरक होने का कारण को कहते हैं। "ईश्वर प्रेरितोगच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा" ईश्वर, पूर्वोक्त श्रीविष्णु ही हैं, उन की प्रेरणा से ही जीव स्वर्ग एवं नरक को प्राप्त करता है ॥१३॥

उक्त सिद्धान्त का स्थापन श्रुत्यन्तर से करते हैं। 'इशावास्यमिदं'

ध्यानेन पुरुषोऽयञ्च द्रष्टव्यः सूर्य्यमण्डले ॥
सत्यं सदाशिवं ब्रह्म विष्णो यत् परमं पदं ॥१५॥
देवस्य सवितुर्देवो वरेण्यं हि तुरीयकं ॥१६॥

तदेव श्रुत्यन्तरेण प्रमाणयति—ईशावास्यमिति। तस्येशस्य हरिरिति नामान्तरेण विष्णुत्वमेव स्थापयति हरिरित्यर्द्धकेन स्वर्गाद्यैरित्यर्द्धेन हंसः परमात्मा तद्रूपः पुरुषः ॥१४॥

तस्य वरेण्यत्व-पराकाष्ठां दर्शयितुमाह—ध्यानेनेति। ध्यानेन 'ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्त्ती'त्याद्युद्दिष्टेन। नन्वेवं चेत्तर्हि ईशितव्यस्य सूर्य्यमण्डलस्य नाशे तस्यैश्वर्य्यनाशः स्यात्तत्राह:—सत्यमिति। विष्णो र्यत् महावैकुण्ठलक्षणं परमं पदं तत् सत्यं कालत्रयाव्यभिचारि, सदाशिवं तापत्रयरहितञ्च, ब्रह्म बृहत्त्वात् बृंहणत्वाच्च यद् ब्रह्मोच्यते तद्रूपमेवेत्यर्थः ॥१५॥

ननु तस्मिन् महावैकुण्ठे सवित्रन्तर्य्यामिणोऽस्माद् विलक्षण एव नारायणः, स च नित्य एव, सवित्रन्तर्य्यामिनोऽस्यतु कीदृक्त्वं तत्राह

उन ईश्वर रूप विष्णु का नाम हरि है। उन से महत् अहङ्कारादि समस्त जगत् व्याप्त है, वह हंस परमात्मा रूप स्वर्गादि में क्रीड़ा करते रहते हैं ॥१४॥

आप ही वरेण्य की पराकाष्ठा हैं, उस को दिखाते हैं, ध्येय सदा सवितृ मण्डलवर्त्तीत्यादि ध्यान से उन में मनोनिवेश करें। ऐसा होने पर सूर्य्यमण्डल का नाश होने से ध्येय का भी नाश होगा? नहीं। वह सत्य, सदाशिव, ब्रह्म, विष्णु है, अर्थात विष्णु का महावैकुण्ठ नामक स्थान का नाम परमपद है, वह सत्य है, भूत-भविष्यत् वर्त्तमान कालत्रय में एक रूप रहता है। सदाशिव स्वरूप है, आध्यात्मिक आधिभौतिक आधिदैविक तापत्रय रहित है। सब से बृहत् तथा सब को बृहत् करने की शक्ति उन में है, अतः ब्रह्म कहते हैं ॥१५॥

उस महावैकुण्ठ में सविता और उनके अन्तर्यामी से विलक्षण

योऽसावादित्य-पुरुषः सोऽसावहमनुत्तमम् ।
जनानां शुभकर्मादीन् प्रवर्त्तयति यः सदा ।।१७।।
[अग्निपुराणे २१६ अध्याये]

देवस्यत्यर्द्धेन । देवस्य द्योतमानस्य सवितु र्यो देवः 'ध्येयः सदे'त्यादिषु निर्द्दिष्टः, सोऽपि वरेण्यं तुरीयं समष्टिगतं जाग्रत्स्वप्नाद्यतीतं समाध्यवस्थायामेव गम्यं यत् पदं भर्गसंज्ञकं 'स एकधा भवती'त्यादि श्रुतेः, सर्वाश्रयरूपं यद्वस्तु तद्रूपमेव, महाप्रलये महावैकुण्ठ एव महानारायणेनैकीभूय स्थायित्वादिति भावः ।।१६।।
अथ तत्साम्यादित्यर्थमह-ग्रहोपासनारूपं त्रिपदाया अस्या श्चतुर्थस्याजपा नाम ध्येयस्यार्थमाह—योऽसाविति पदेन स्पष्टं ।।१७।।

इत्यग्निपुराणस्थगायत्री व्याख्याया विवृतिः
श्रीजीवकृता समाप्ता ।।

नारायण हैं, वह नित्य हैं। सविता को अन्तर्यामी को आप कैसे कह सकते हैं ? कहते हैं--'देवस्य सवितु र्देवो वरेण्यं हि तुरीयकं ।' प्रकाशनशील देवरूप सविता का जो रूप ध्येयः सदा के द्वारा निर्दिष्ट है, वह वरेण्य हैं, तुरीय, समष्टिगत जाग्रत् स्वप्नादि अतीत हैं, एवं समाधि के द्वारा वह प्राप्य हैं। वह पद भर्ग नाम से प्रसिद्ध है, वह एक होता है, अनेक होता है, यह श्रुति है, सर्वाश्रय रूप जो वस्तु, वह हो है। महाप्रलय में महावैकुण्ठ में महानारायण के साथ एक होकर रहते हैं ।।१६।।

उनके साम्य से अहंग्रह उपासना के लिए गायत्री का अजपा नामक अर्थ को दिखाते हैं –"योऽसावादित्य-पुरुषः सोऽसावहमनुत्तमं, जनानां शुभकर्माहीन् प्रवर्त्तयति यः सदा योऽसौ– इस पद से सुस्पष्ट रूप से अहं ग्रहोपासना का प्रकार प्रदर्शित हुआ है ।।१७।।

इत्यग्नि पुराणस्थ गायत्री व्याख्याया विवृत्तिः
श्री जीवकृता समाप्ताः ।।

श्रीहरिदासशास्त्रि सम्पादिता ग्रन्थावली

१। वेदान्तदर्शनम् "भागवतभाष्योपेतम्" महर्षि श्रीकृष्णद्वैपायन व्यासदेव प्रणीत, ब्रह्मसूत्रों के अकृत्रिम अर्थस्वरूप श्रीमद्भागवत के पद्यों के द्वारा सूत्रार्थों का समन्वय इसमें मनोरम रूप में विद्यमान है।

२। श्रीनृसिंह चतुर्दशी भक्ताह्लादकारी श्रीनृसिंहदेव की महिमा, व्रतविधानात्मक अपूर्व ग्रन्थ।

३। श्रीसाधनामृतचन्द्रिका गोवर्द्धन निवासी सिद्ध श्रीकृष्णदास बाबा विरचित रागानुगीय वैष्णव पद्धति।

४। श्रीसाधनामृतचन्द्रिका (बङ्गला पयार) गोवर्द्धन निवासी सिद्ध श्रीकृष्णदास बाबा के द्वारा सुललित छन्दोबद्ध ग्रन्थ।

५। श्रीगौरगोविन्दार्चन पद्धति गोवर्द्धन निवासी सिद्ध श्रीकृष्णदास बाबा विरचित सपरिकर श्रीनन्दनन्दन श्रीभानुनन्दिनी के स्वरूप निर्णयात्मक ग्रन्थ

६। श्रीराधाकृष्णार्चन दीपिका श्रीजीवगोस्वामिपादकृत श्रीराधासम्बलित श्रीकृष्ण पूजन प्रतिपादन का सर्वादि ग्रन्थ।

७। श्रीगोविन्दलीलामृतम् (मूल, टीका, अनुवाद सह-१-४सर्ग) "श्रीकृष्णदास कविराज प्रणीतम्" स्वारसिकी उपासना के अनुसार अष्टकालीय लीला स्मरणात्मक प्रमुख ग्रन्थ।

८। श्रीगोविन्दलीलामृतम् ५ सर्ग से ११ सर्ग पर्यन्त (टीका सानुवाद)

९। श्रीगोविन्दलीलामृतम् १२ सर्ग से २३ सर्ग पर्यन्त (टीका सानुवाद)

१०। ऐश्वर्यकादम्बिनी (मूल अनुवाद) श्रीबलदेवविद्याभूषणकृत भागवतीय श्रीकृष्णलीला का क्रमबद्ध ऐश्वर्य मण्डित वर्णन, श्रीवृषभानु महाराज, एवं भानुनन्दिनीका मनोरम वर्णन इसमें है।

११। संकल्प कल्पद्रुम (सटीक, सानुवाद) श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्तिपाद कृत स्वारसिकी उपासना का प्रमुख ग्रन्थ।

१२। चतुःश्लोकी भाष्यम् (सानुवाद) श्रीनिवासाचार्यप्रभुकृत चतःश्लोकी भागवत की स्वारसिकी व्याख्या।

१३। श्रीकृष्णभजनामृत (सानुवाद) श्रीनरहरिसरकार ठक्कुर कृत अपूर्व धर्मीय संविधानात्मक ग्रन्थ।

१४। श्रीप्रेमसम्पुट (मूल, टीका, अनुवादसह) श्रीविश्वनाथचक्रवर्ती कृत भागवतीय रास रहस्य वर्णनात्मक हृदयग्राही ग्रन्थ।

१५। भगवद्भक्तिसार समुच्चय (सानुवाद) श्रीलोकानन्दाचार्य प्रणीत भक्तिरहस्य परिवेषकअनुपम ग्रन्थ।

१६। भगवद्भक्तिसार समुच्चय (सानुवाद बङ्गला) श्रीलोकानन्दाचार्य प्रणीत, भक्तिरहस्य प्रकाशक मनोहर ग्रन्थ।

१७। व्रजरीति चिन्तामणि (मूल, टीका, अनुवाद) श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ति ठक्कुर कृत व्रजसंस्कृति वर्णनात्मक अत्युत्कृष्ट ग्रन्थ।

१८। श्रीगोविन्दवृन्दावनम् (सानुवाद) बृहद् गौतमीय तन्त्रान्तर्गत श्रीराधारहस्य परिवेषक सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ।

१९। श्रीराधारस सुधानिधि (मूल बङ्गला) श्रीप्रबोधानन्द सरस्वतीपाद रचित माधुर्य्यभक्तिमयी श्रीराधा महिमा प्रतिपादक अनुपमेय ग्रन्थ।

२०। श्रीराधारससुधानिधि (वंगला मूल, अनुवाद सह)

२१। श्रीराधारस सुधानिधि (मूल हिन्दी)

२२। श्रीराधारससुधानिधि (हिन्दीमूल, अन्वय अनुवाद सह)

२३। श्रीकृष्णभक्ति रत्नप्रकाश (सानुवाद) श्रीराघवपण्डित रचित श्रीकृष्णभक्ति प्रकाशक अनुपम ग्रन्थ।

२४। हरिभक्तिसार संग्रह (सानुवाद) श्रीपुरुषोत्तमशर्म प्रणीत श्रीभागवतीय क्रमबद्ध भक्ति सिद्धान्त संग्रहात्मक ग्रन्थ।

२५। श्रुतिस्तुति व्याख्या (अन्वय, अनुवाद) श्रीपाद प्रबोधानन्द सरस्वती कृत वेदस्तुति की व्रजलीलात्मक व्याख्या।

२६। श्रीहरेकृष्ण महामन्त्र "अष्टोत्तरशतसंख्यक"

२७। धर्मसंग्रह (सानुवाद) श्रीवेदव्यास कृत धर्मसंग्रह श्रीमद्भागवतीय ७म स्कन्ध के अन्तिम ११, १२, १३, १४, १५ अध्यायों का वर्णन।

२८। श्रीचैतन्य सूक्ति सुधाकर श्रीचैतन्यचरितामृत, तथा श्रीचैतन्य-भागवतीय सूक्तियों का संग्रह।

२९। सनत् कुमार संहिता (सानुवाद) व्रजीय रागानुगा उपासना प्रतिपादक सुप्राचीन ग्रन्थ।

३०। श्रीनामामृत समुद्र श्रीनरहरि चक्रवर्त्ति प्रणीत श्रीमन् महाप्रभु के परिकरों का नामसंग्रह।

३१। रासप्रबन्ध (सानुवाद) श्रीपादप्रबोधानन्द सरस्वती कृत।

३२। दिन चन्द्रिका (सानुवाद) सार्वदेशिक दिनकृत्यपद्धति।

३३। भक्तिसर्वस्व (वङ्गाक्षर में) प्रेमभक्तिचन्द्रिका, प्रार्थना प्रभृति सम्बलि

३४। स्वकीयात्वनिरास परकीयात्वप्रतिपादन श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ती

३५। श्रीसाधनदीपिका श्रीराधाकृष्णगोस्वामिपाद विरचिता,
स्वारसिकी उपासना का समन्वयात्मक ग्रन्थ, इसमें ऐतिहासिक एवं
के लिए पर्य्याप्त सामग्री सन्निविष्ट है।

३६। मनःशिक्षा (बंगला) (अष्टोत्तरशत पदावली) प्राचीन क
प्रेमानन्द दास विरचित।

३७। श्रीचैतन्यचन्द्रामृतम् श्रीप्रबोधानन्दसरस्वतीपाद रचितम्,
भक्त, भगवान्, धाम, उपासना तत्त्वात्मक ग्रन्थ।

३८। श्रीगौराङ्गचन्द्रोदयः महर्षि श्रीकृष्णद्वैपायन व्यास
वायुपुराणस्थ शेष काण्ड के चतुर्दश अध्याय।
इसमें श्रीमन्महाप्रभु श्रीकृष्णचैतन्यदेव के सपरिकर आविर्भाव वृत्तान्त
श्रीमद्भागवत के टीकाकार श्रीमद् रामनारायण गोस्वामी कृत टीका सम्बलि
है। "अनर्पितचरी" श्लोक व्याख्या—श्रीजीव गोस्वामिपाद कृत।

३९। श्रीब्रह्मसंहिता श्रीचैतन्यदेव द्वारा आनीत चतुर्मुख श्रीब्रह्मा विरचित
शताध्याय के अन्तर्गत पञ्चम अध्याय। सशक्तिक परतत्त्व प्रतिपादक ग्रन्थ।

४०। प्रमेयरत्नावली श्रीबलदेव विद्याभूषणकृत श्रीकृष्णदेव सार्वभौम कृत
टीकोपेता वेदान्त दर्शन के प्रमेयसमूह का विश्लेषणात्मक ग्रन्थ।

४१। नवरत्न—अनन्य रसिक शिरोमणि श्रीहरिराम व्यास महोदय रचित
प्रमेय रत्नावलीवत् निज सम्प्रदाय का वर्णनात्मक ग्रन्थ।

४२। भक्तिचन्द्रिका श्रीलोकानन्दाचार्य प्रणीत, श्रीचैतन्यदेव की सुप्राचीन
उपासना पद्धति।

४३। पदावली श्रीरायशेखर रचित, श्रीगोविन्ददासकृत—अष्टकालीय सरस
प्राञ्जल पदसमूह का संग्रह (वङ्गाक्षर)

४४। भक्तिचन्द्रिका (वङ्गाक्षर संगृहीत ग्रन्थ। इसमें नित्य पाठ्य
प्रयोजनीय विषयों का संग्रह है।

४५। महर्षि श्रीकृष्णद्वैपायन प्रणीत—गर्गसंहितोक्त श्रीबलभद्रसहस्रनाम-
स्तोत्रम् (वङ्गाक्षर)

४६। वेदान्तस्यमन्तक विप्रकुलशेखर श्रीराधादामोदर कृत। श्रीचैतन्य
सम्प्रदाय सम्मत वेदान्त प्रकरण ग्रन्थ।

४७। तत्त्वसन्दर्भः—श्रीमज्जीवगोस्वामीपाद प्रणीतः, श्रीमद्भागवद् भाष्यरूप
षट्सन्दर्भ के अन्तर्गत प्रथम सन्दर्भ। मूल, अनुवाद, तात्पर्य्य, श्रीबलदेवकृत टीका
श्रीराधामोहनगोस्वामिकृत टीका, श्रीमज्जीवगोस्वामिकृत सर्वसम्वादिनीसमन्वित

४८। श्रीभक्तिरसामृतशेषः—श्रीजीवगोस्वामि-कृतः, अनुवादसह।

४९। अग्निपुराणीय गायत्री-व्याख्या—श्रीजीवगोस्वामि-कृतः, अनुवादसह

१५। भ
भक्तिरहस्य
१६।
प्रणीत, भ
१७।
चक्रवर्त्ति
१८।
श्रीरा
१